AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि परिसर में स्थापित होगी आधुनिक नक्षत्रशाला

माई सिटी रिपोर्टर

विजन प्लान के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर के कई काम करने का लक्ष्य

लखनऊ। लविवि में कई साल से बंद पड़ी नक्षत्रशाला जल्द ही आधुनिक रूप में फिर से नजर आएगी। लविवि प्रशासन ने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए अपने मध्यम कालीन विजन प्लान में यह लक्ष्य बनाया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल शिक्षा के माहौल में सुधार करेगा, बल्कि विवि की वैश्विक मान्यता को भी बढ़ाएगा। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार बेहद अहम है।

■ **आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान व तितली पार्क :** लविवि ने अपने 0-3 वर्षों की लघु अवधि के विजन प्लान में शिक्षकों की ऑनलाइन संसाधनों तक सुगम पहुंच के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी को अपग्रेड करने का लक्ष्य तय किया है। इसी तरह शौचालयों का आधुनिकीकरण होगा, जिसमें सेनेटरी पैड मशीनें व इंसुलेटर मशीनें भी होंगी। इसी तरह पर्यावरण सुरक्षित कैंपस बनाने के लिए हर्बेरियम, आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान और तितली पार्क की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। हैजार्ड्स केमिकल्स और वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन भी इस अवधि में होगा।

■ **ऑडियो-विजुअल प्रयोगशाला व सेंट्रलाइज्ड कंप्यूटेशनल सुविधा :** लविवि ने 3-7 वर्षों की मध्यम अवधि में कक्षाओं में इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल प्रणाली और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लायक कक्षाओं की स्थापना, कक्षाओं की सिमुलेशन और कंप्यूटेशनल टूल्स में प्रशिक्षण के लिए सेंट्रलाइज्ड कंप्यूटेशन की स्थापना का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही ऑडियो-विजुअल प्रयोगशाला, रिकॉर्डिंग स्टूडियो और एक उन्नत प्लेनेटेरियम की स्थापना करने की भी योजना इस अवधि में रखी गई है। परीक्षा आयोजन और मूल्यांकन के लिए एक परीक्षा कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी इस अवधि में शामिल किया गया है।

■ **दीर्घ अवधि में बनेगा ऑडिटोरियम :** लविवि ने 7-10 वर्षों की दीर्घ अवधि में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने, हॉस्टल तथा शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए आवासों का निर्माण-सुधार का लक्ष्य है।

NBT PAGE 4

एलयू कैंपस में बनेंगे परीक्षा कॉम्प्लेक्स और ऑडिटोरियम

■ एनबीटी सं., लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बड़े आयोजनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स के निर्माण का खाका तैयार किया है। इसमें एक बड़ा तो चार छोटे ऑडिटोरियम होंगे। इसी तरह परीक्षा कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना है। यहां एक ही छत के नीचे परीक्षा के आयोजन से परिणाम जारी होने तक के सभी काम हो सकेंगे। एलयू प्रशासन ने दस साल के विजन प्लान के तहत कैंपस में ऐसी कई सुविधाएं विकसित करने की योजना बनाई है। कुलाधिपति को यह विजन प्लान भेजने के साथ जिम्मेदारों ने सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

विजन प्लान में विवि प्रशासन ने तीन श्रेणियों में सुविधाएं बढ़ाने की योजना तय की है। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि शुरुआती चरण में अगले तीन साल के भीतर पूरे कैंपस में हाई स्पीड इंटरनेट का इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ टॉइलट अपग्रेड किए जाएंगे, जहां सेनेटरी पैड मशीन और इंसुलेटर मशीन लगाई जाएंगी। इसके अलावा कैंपस में हर्बेरियम, आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान और तितली पार्क बनाए जाएंगे और पर्यावरण सुधार को बढ़ावा देने के लिए खतरनाक रसायन और कूड़ा मैनेजमेंट सिस्टम भी विकसित किया जाएगा।

विजन प्लान के दूसरे चरण में परीक्षा कॉम्प्लेक्स के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्मार्ट क्लास बनाई जाएंगी। इनमें इंटरेक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल सिस्टम और विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का इंतजाम होगा। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इंजिनियरिंग समेत तमान तकनीकी कोर्सों में ट्रेनिंग के लिए सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटेशनल सुविधा भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा कैंपस में जाएगा। ऑडियो-विजुअल लैब, रिकॉर्डिंग स्टूडियो और आधुनिक प्लेनेटेरियम भी बनाया जाएगा। आखिरी चरण में आधुनिक सुविधाओं वाले ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना है। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण भी करवाया जाएगा।

10 साल के विजन प्लान में नई सुविधाएं विकसित करने की योजना

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में बनेंगी विश्वस्तरीय कक्षाएं

तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्वस्तरीय कक्षाएं बनाई जाएंगी। पूरा परिसर इकोफ्रेंडली होगा। सड़कों और सीवेज सिस्टम को सही किया जाएगा। ऑडियो-विजुअल लैब और रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी बनाने की योजना तय की गई है।

इन मुद्दों को एलयू द्वारा आगामी 10 वर्षीय विजन प्लान में रखा गया है। इसके तहत शार्ट टर्म गोल (0-3 वर्ष) में स्वास्थ्य सुविधा को मजबूत किया जाएगा। हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी और आधुनिक वॉशरूम बनाने का प्लान है। इसमें सेनेटरी पैड मशीन और इंसिरेटर्स आदि लगाए जाएंगे। विवि परिसर को इकोफ्रेंडली कैंपस बनाने के लिए हर्बेरियम, आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान और तितली पार्क को स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हैजार्डस केमिकल्स और वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली को प्रयोग में लाने की योजना बनाई गई है। मिड टर्म गोल (3-7 वर्ष) में परीक्षा भवन के निर्माण का प्लान है। अत्याधुनिक कक्षाओं का निर्माण होगा। इसमें इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल प्रणाली और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आसानी से हो सकेगी। यह छात्रों को एक इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव प्रदान करेगी।

नए छात्रावासों का होगा निर्माण

लांग टर्म गोल (7-10 वर्ष) में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इसमें अकादमिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हो सकेंगे। इसी तरह सड़कों व सीवेज सिस्टम को दुरुस्त कराया जाएगा। छात्रावासों, शिक्षकों और कर्मचारियों के आवासों का निर्माण और नवीनीकरण भी होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

नवीनतम तकनीक से लैस होंगी लखनऊ विश्वविद्यालय की कक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय नवीनतम तकनीकी को लेकर भी काम करेगा। इसके लिए दस साल का प्लान बनाया गया है। इसमें छात्र-छात्राओं को आनलाइन संसाधन की सुविधा देने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी को उच्चीकृत करने, कक्षाओं में इंटरैक्टिव डिस्प्ले, आडियो-विजुअल प्रणाली और वीडियो कांफ्रेंसिंग क्षमताएं विकसित की जाएंगी। आडियो-विजुअल प्रयोगशाला, रिकॉर्डिंग स्टूडियो और एक उन्नत प्लेनेटेरियम की स्थापना भी की जाएगी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षाओं में नवीनतम प्रौद्योगिकी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विजन प्लान में परीक्षा आयोजन और मूल्यांकन के लिए एक नए परीक्षा काम्प्लेक्स का निर्माण भी शामिल है। शौचालयों का आधुनिकिकरण एक प्राथमिकता है, जिसमें सेनेटरी पैड मशीनें आदि शामिल हैं। विश्वविद्यालय पर्यावरण सुरक्षित कैंपस बनाने के लिए हर्बेरियम, आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान और तितली पार्क विकसित करने की योजना है।

अत्याधुनिक सुविधाओं वाला सभागार बनेगा : सात से 10 वर्ष की अवधि में विश्वविद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं वाले सभागार भी बनवाएगा। यह सभागार अकादमिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए काम आएगा। इसके अलावा छात्रावासों का विस्तार करने और अध्यापकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आवासों का निर्माण, सुधार की भी योजना है।

बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ कक्षाओं में आडियो विजुअल प्रणाली भी होगी, बनेगा अत्याधुनिक सुविधा का सभागार

सेल्फ फाइनेंस शिक्षकों को सिर्फ स्वीकृत अवकाश

लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों को स्वीकृत अवकाश ही दिए जाएंगे। अन्य कोई अवकाश नहीं अनुमन्य होंगे। कुलसचिव संजय मेघावी की ओर से इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

योजना के तहत यह व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल शिक्षा का माहौल सुधारेगा, बल्कि विश्वविद्यालय की वैश्विक मान्यता को भी बढ़ाएगा। लवि विश्व भर से प्रतिष्ठित विद्यार्थियों एवं प्रसिद्ध शिक्षकों को आकर्षित करने के साथ ही एक अग्रणी शिक्षण संस्थान बनने का लक्ष्य रखता है।

-प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

शोधार्थियों की उपस्थिति पंजिका भी देनी होगी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत शोधार्थियों के जेआरएफ व एसआरएफ के निरंतरता प्रमाणपत्र, आवास भत्ता, प्रोग्रेस रिपोर्ट सहित अन्य प्रपत्रों के साथ उपस्थिति पंजिका की छायाप्रति भी विभागाध्यक्षों को सत्यापित करके यूजीसी के नियमानुसार समय पर प्रस्तुत करवानी होगी। अभी तक विभाग यूजीसी को उपस्थिति पंजिका नहीं भेजते हैं। (जासं)

शिकायत समिति में संशोधन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने हाल ही में बनाई आंतरिक शिकायत समिति में संशोधन कर दिया है। पहले बनाई गई 12 सदस्यीय समिति में कुछ विभागों के विभागाध्यक्षों को बतौर सदस्य शामिल कर लिया गया था जो कि यूजीसी के नियमानुसार सही नहीं था। अब उसमें संशोधन कर नए सदस्य शामिल किए गए। कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. पूनम टंडन ने संशोधित आदेश जारी किया है। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

एलयू : इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर फोकस

छात्रों को दिखेगा बदला हुआ विश्वविद्यालय, विजन प्लान में नवीनीकरण की तैयारी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने और छात्रों और शिक्षकों के लिए एक उपयोगी शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए एक परिवर्तन यात्रा पर निकाल रहा है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने एक व्यापक दृष्टियांक योजना तैयार की है, जिसमें कैंपस के लिए आवश्यक सुधार और अपग्रेड निर्धारित किए गए हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर की पूरी तरह से नवीनीकरण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए, विजन प्लान में आगामी 10 वर्षों के अंदर पूरा करने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि के लक्ष्य स्पष्ट किए गए हैं। इसमें तीन वर्षों की लघु अवधि में, विश्वविद्यालय का उद्देश्य महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारना है। इसमें छात्रों और शिक्षकों को ऑनलाइन संसाधनों तक सुगम पहुंच प्रदान करने के लिए उच्च गति वाली इंटरनेट कनेक्टिविटी को अपग्रेड करना शामिल है। सुविधाओं के साथ सुधारे गई शौचालयों का आधुनिकीकरण एक प्राथमिकता है, जिसमें सेनेटरी पैड मशीनें, इंसुलेटर मशीनें इत्यादि शामिल हैं। विश्वविद्यालय समुदाय के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिसर में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना भी महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय एक पर्यावरण सुरक्षित कैंपस बनाने के लिए हर्बेरियम, आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान और तितली पार्क जैसी सुविधाओं की स्थापना करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

स्मार्ट हो जायेंगी क्लासें

विश्वविद्यालय के विजन के मुताबिक 3 से 7 वर्षों की मध्यम अवधि में, योजना का ध्यान वैश्विक मानक कक्षाओं के निर्माण पर है जिनमें नवीनतम प्रौद्योगिकी सुविधाएं उपलब्ध होगी। इन कक्षाओं में इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल प्रणाली और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्षमताएं होंगी, जो छात्रों को एक इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव प्रदान करेगी। कक्षाओं की संपूरकता के लिये, सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटेशनल सुविधा सिमुलेशन और कम्प्यूटेशनल टूल्स में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित की जाएगी। विश्वविद्यालय में ऑडियो-विजुअल प्रयोगशाला, रिकॉर्डिंग स्टूडियो और एक उन्नत प्लेनेटेरियम की स्थापना करने की भी योजना बना रहा है, जो विभिन्न विषयों में छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देगा

> व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल शिक्षा माहौल में सुधार करेगा, बल्कि विश्वविद्यालय की वैश्विक मान्यता को भी बढ़ाएगा। इन महत्वपूर्ण सुधारों के साथ, लखनऊ विश्वविद्यालय विश्वभर से छात्रों और प्रसिद्ध अध्यापकों को आकर्षित करके एक अग्रणी शिक्षण संस्थान बनने का लक्ष्य है।
>
> -प्रो. आलोक राय, कुलपति, लविवि

संस्कृतिक विरासत को भी मिलेगा बढ़ावा

विजन में शामिल 7 से 10 वर्षों की दीर्घ अवधि में, विश्वविद्यालय ने अत्याधुनिक सुविधाओं वाले ऑडिटोरियम कांप्लेक्स का निर्माण करने की कल्पना की है। ये ऑडिटोरियम अकादमिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण स्थलों के रूप में सेवा करेंगे, जो टैलेंट तथा सृजनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करेंगे। आवासन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसमें छात्रावासों का विस्तार करने और शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए आवासों का निर्माण/सुधार करने की योजना है।

VoL PAGE 6

छात्रों को दी जायेगी उच्च गति वाली इंटरनेट सुविधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि ने मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर की पूरी तरह से नवीनीकरण की आवश्यकता को देखते हुए विजन प्लान में आगामी 10 वर्षों के अंदर पूरा करने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि के लक्ष्य स्पष्ट किए हैं। 0-तीन वर्षों की लघु अवधि में विवि का उद्देश्य महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारना है। इसमें छात्रों और शिक्षकों को ऑनलाइन संसाधनों तक सुगम पहुंच देने के लिए उच्च गति वाली इंटरनेट कनेक्टिविटी को अपग्रेड करना शामिल है। सुविधाओं के साथ सुधारी गयी शौचालयों का आधुनिकीकरण एक प्राथमिकता है, जिसमें सेनेटरी पैड मशीनें, इंसुलेटर मशीनें इत्यादि शामिल हैं। विवि समुदाय के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिसर में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना भी महत्वपूर्ण है। विवि एक पर्यावरण सुरक्षित कैंपस बनाने के लिए हर्बेरियम, आयुर्वेदिक हीलिंग उद्यान और तितली पार्क जैसी सुविधाओं की स्थापना करने का भी लक्ष्य रखता है। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हैजार्डस केमिकल्स और वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली की कार्यान्वयनिकता होगी। 3-7 वर्षों की मध्यम अवधि में, योजना का ध्यान वैश्विक मानक कक्षाओं के निर्माण पर है जिनमें नवीनतम प्रौद्योगिकी सुविधाएँ उपलब्ध होगी। इन कक्षाओं में इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल प्रणाली और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्षमताएं होंगी, जो छात्रों को एक इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव प्रदान करेगी। कक्षाओं की संपूरकता के लिये, सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटेशनल सुविधा सिमुलेशन और कम्प्यूटेशनल टूल्स में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित की जाएगी।

TOI PAGE 2

LU plans fast Internet, hi-tech washrooms

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: A herbarium, butterfly park, Ayurvedic healing garden and planetarium would come up on the campus of the Lucknow University which announced its 10-year infrastructure vision plan on Sunday. Over the next decade, LU plans to

VISION PLAN

come up with several facilities on the campus.

"LU has set up short-term, medium-term and long-term infrastructure goals to be achieved in the next 10 years. In the short-term goals spanning 0-3 years, the university aims to enhance essential infrastructure elements. This includes upgrading high-speed Internet connectivity to provide students and faculty with seamless access to online resources," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said modernising washrooms with enhanced facilities such as sanitary pad machines and incinerators is another priority, along with strengthening health facilities on campus.

Srivastava said as per the mid-term goals to be attained between the next 3 to 7 years, LU plans to set up a waste management system to promote environmental sustainability, focus on creating global standard classrooms equipped with cutting-edge technology whereas long-term goals to be attained in the next 7 to 10 years include construction of state-of-the-art auditorium complexes with cutting-edge facilities. The auditoriums will serve as venues for academic and cultural events. Accommodation is another key focus.

LOKSATYA PAGE 3

एलयू में उपयोगी शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए पहल

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने और छात्रों और शिक्षकों के लिए एक उपयोगी शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए एक परिवर्तन यात्रा पर निकल रहा है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के दूरदर्शी मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने एक व्यापक योजना तैयार की गई है। जिसमें कैंपस के लिए आवश्यक सुधार और अपग्रेड निर्धारित किए गए हैं।विश्वविद्यालय द्वारा मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर की पूरी तरह से नवीनीकरण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए, विजन प्लान में आगामी 10 वर्षों के अंदर पूरा करने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि के लक्ष्य स्पष्ट किए गए हैं। 3 वर्षों की लघु अवधि में, विश्वविद्यालय का उद्देश्य महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारना है।